**Regarding establishment of a Circuit bench of Odisha High Court and setting up of Indian Mediation Centre in Bhawanipatna, Kalahandi district, Odisha-laid**

**श्री बसंत कुमार पंडा (कालाहाण्डी):** मैं अपने संसदीय क्षेत्र कालाहांडी,ओडिशा की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, जिसमें दो जिले नुआपाड़ा और कालाहांडी है और दोनों ही अत्यंत पिछड़े जिले हैंI मेरा क्षेत्र भवानीपटना, जिला कालाहांडी KBK के बीच में आता है एवं दक्षिण और पश्चिम ओडिशा का केंद्र है जहाँ जिला मुख्यालय भी हैI वर्तमान में, माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 69,000 और पूरे भारत में माननीय उच्च न्यायालयों में 59,87,477 मामले मामले लंबित हैं I उनमें से 1,45,830 माननीय ओडिशा उच्च न्यायालय में लंबित हैं । मैंने पश्चिम ओडिशा के साथ KBK क्षेत्र में माननीय ओडिशा उच्च न्यायालय की एक सर्किट बेंच की स्थापना की मांग की है, जिससे न केवल वादकारियों को न्याय दिलाने हेतु आसान और तेज पहुंच मिलेगी बल्कि इस क्षेत्र के विकास हेतु रास्ता भी मुहैया कराएगी । यह क्षेत्र राजधानी से दूर होने के कारण विकसित न होने से काफी हद तक उपेक्षित अवस्था में रहा और इसके कारण अब तक हाई-कोर्ट की सर्किट बेंच की यहाँ स्थापना नहीं हो सकी । मध्यस्थता न्यायाधिकरण के कामकाज हेतु मध्यस्थता केंद्रों की आवश्यकता होगी और दिल्ली मध्यस्थता केंद्र के अनुरूप मैं माननीय मंत्री जी से KBK के केंद्र भवानीपटना, जिला कालाहांडी में Indian Mediation Center की स्थापना के लिए निवेदन करता हूंI

________

**12.11 hrs**